संख्या–cm-245
12/06/2022

मुख्यमंत्री ने हज यात्रियों की रवानगी के पूर्व आयोजित दुआईया मजलिस में की शिरकत

पटना, 12 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हज यात्रियों की रवानगी के पूर्व हज भवन में आयोजित दुआईया मजलिस में शिरकत की। इस दुआईया मजलिस कार्यक्रम में बिहार राज्य हज कमिटी के चेयरमैन अब्दुल हक ने मुख्यमंत्री को फूलों का गुलदस्ता, टोपी एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

दुआईया मजलिस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस अवसर पर मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूँ। हज यात्रियों की रवानगी के लिये कार्यक्रम आयोजित होता है। मुझे अनेक बार इस कार्यक्रम में आने का मौका मिला है। इस कार्यक्रम में शामिल होकर बेहद खुशी हो रही है। पिछले दो वर्षों से कोरोना के कारण हज यात्रा में लोग नहीं जा सके थे। इस बार पहले से कम लोगों को हज यात्रा पर जाने की इजाजत मिली है। उन्होंने कहा कि आप सब पवित्र जगह पर जा रहे हैं। आपको वहीं से अवसर मिला है, आप सभी खुश किस्मत हैं कि आपको बुलावा आया है। मुझे प्रसन्नता हो रही है। हमलोगों की तरफ से आपकी सहूलियत और सुविधा को ध्यान में रखते हुये हरसंभव व्यवस्था की गयी है। राज्य सरकार के 14 अधिकारियों एवं कर्मियों को भी वहां भेजा जा रहा है ताकि यात्रा एवं वहां रहने के दौरान हज यात्रियों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। हज यात्रियों के लिए निःशुल्क कोरोना टीकाकरण एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां से कोलकाता ट्रेन से जाने को लेकर भी प्रबंध किया गया है। कोलकाता हज हाउस में आवासन, भोजन एवं कोरोना जांच की व्यवस्था की गई है। यात्रा संबंधी सभी औपचारिकतायें भी पूरी की गयी है। नवगठित बिहार राज्य हज कमिटी के चेयरमैन अब्दुल हक साहब ने भी अपनी बात रखी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार 65 साल से अधिक उम्र वालों को हज पर जाने की इजाजत नहीं मिली है। हज यात्रा पर जाने वालों को मुबारकबाद देता हूं। आप पवित्र यात्रा पर जा रहे हैं। हज पर जाने की इच्छा सबकी होती है किन्तु जाते वही हैं, जिनको वहां से बुलावा आता है। हज यात्रा के दौरान आपकी सुविधा को लेकर हमलोगों ने प्रबंध किया है। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि आप सबको वहां जाने का मौका मिला है। मेरी पूरी शुभकामना है। वहां जाकर दुआ मांगने से आपके अपने एवं आपके परिवार के साथ ही बिहार एवं देश का भी उत्थान होगा। आपस में प्रेम एवं भाईचारे का भाव रहेगा। वहॉ जाने से ऐसा वातावरण बनता है कि आपसी सौहार्द्र में बढ़ोतरी होती है और समाज, देश आगे बढ़ता है। हम सभी चाहते हैं कि कोरोना का दौर जल्दी से जल्दी खत्म हो ताकि लोगों को कहीं आने–जाने में कोई दिक्कत नहीं हो। आपके वहॉ जाने से कोरोना और जो नुकसान पहुँचाने वाली चीजें हैं, वह खत्म हो जायें, यही कामना है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आप सबों का अभिनंदन करते हुये अपनी बात को समाप्त करता हूं।

दुआईया मजलिस को अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी एवं बिहार राज्य हज कमिटी के चेयरमैन अब्दुल हक ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विधान पार्षद मो0 खालिद अनवर, खानकाह मुनीमिया मितनघाट के सज्जादानशीं हजरत मौलाना सैयद शमीमुद्दीन अहमद मुनअमी, बिहार सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष इरशादुल्ल्ला, बिहार सिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अफजल अब्बास, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, प्रधान सचिव अल्पसंख्यक कल्याण श्रीमती शफीना ए0एन0, बिहार राज्य हज कमिटी के पूर्व चेयरमैन मो0 इलियास हुसैन उर्फ सोनू बाबू, बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो0 युनूस हकीम, पूर्व विधायक मो0 मुजाहिद आलम, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ0 अब्दुल हई, बिहार राज्य हज समिति के सदस्य सैयद मिनहाजुद्दीन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, आजमीन ए हाजी एवं बिहार राज्य हज कमिटी से जुड़े लोग उपस्थित थे।

****